कार्यालय सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज

विज्ञप्ति

सर्व सम्बन्धित के सूचनार्थ प्रसारित किया जाता है कि माध्यमिक शिक्षा परिषद्, उ0प्र0, प्रयागराज की वर्ष 2025 की इण्टरमीडिएट प्रयोगात्मक परीक्षाओं के छूटे/वंचित छात्र/छात्राओं को अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए प्रयोगात्मक परीक्षायें दिनांक 07-04-2025 एवं 08-04-2025 को आयोजित करायी जायेंगी। प्रयोगात्मक परीक्षा पूर्व में निर्गत आदेशों के क्रम में सी0सी0टी0वी0 कैमरे की निगरानी में परिषद के क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा नियुक्त परीक्षकों द्वारा सम्पादित करायी जायेंगी।

यदि किसी विद्यालय के सभी परीक्षार्थियों की प्रयोगात्मक परीक्षा छूटी हो तो उनकी प्रयोगात्मक परीक्षा उनके ही विद्यालय में तथा एकल रूप से कहीं-कहीं छूटे हुये परीक्षार्थियों की परीक्षा जिला विद्यालय निरीक्षक/क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा जनपद मुख्यालय स्तर पर निर्धारित किये गये प्रयोगात्मक परीक्षा केन्द्र पर करायी जायेंगी।

इस सन्दर्भ में छूटे/वंचित छात्र/छात्रा अपने पंजीकृत विद्यालय/जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय से सम्पर्क स्थापित कर प्रयोगात्मक परीक्षाओं हेतु निर्धारित किये गये केन्द्र/विद्यालय पर निर्धारित तिथि को परीक्षा में सम्मिलित हों।

ध्यान दें कि इसके पश्चात् प्रयोगात्मक परीक्षा हेतु कोई अवसर प्रदान नहीं किया जायेगा।

27/3/2025
(भगवती सिंह)
सचिव।

पृष्ठाकन संख्याः मा0शि0प0/सिस्टम सेल/1201 (1-7) दिनांकः 27/03/2025

उपर्युक्त विज्ञप्ति की प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :-

1- प्रदेश के समस्त दैनिक समाचार पत्र के सम्पादकों को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि विज्ञप्ति जनहित से सम्बन्धित है। अतएव इसे अपने दैनिक समाचार पत्र के समस्त संस्करणों में प्रमुख स्थान पर निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।

2- निजी सचिव, प्रमुख सचिव, माध्यमिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।

3- महानिदेशक स्कूल शिक्षा, उ0प्र0, लखनऊ।

4- शिक्षा निदेशक (मा0) एवं सभापति, मा0शि0प0, शिविर कार्यालय, पार्क रोड़, लखनऊ।

5- समस्त मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक, उत्तर प्रदेश को इस निर्देश के साथ प्रेषित है कि वे अपने अधीनस्थ जिला विद्यालय निरीक्षकों को अपने स्तर से निर्देशित कर दें कि वह सी0सी0टी0वी0 कैमरे की निगरानी में प्रयोगात्मक परीक्षायें आयोजित करायें।

6- अपर सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद्, क्षेत्रीय कार्यालय, मेरठ/बरेली/प्रयागराज/ वाराणसी तथा गोरखपुर को इस निर्देश के साथ प्रेषित है कि छूटी हुयी प्रयोगात्मक परीक्षाओं से सम्बन्धित परीक्षार्थियों की सूचनायें जिला विद्यालय निरीक्षकों/विद्यालयों के प्रधानाचार्यों से संकलित करके उनके लिए विषयवार परीक्षक नियुक्त करने की व्यवस्था सुनिश्चित करायें। किसी विद्यालय के सभी परीक्षार्थियों की छूटी हुयी परीक्षा को विद्यालय स्तर पर तथा एकल रूप से कहीं-कहीं छूटे हुये परीक्षार्थियों की परीक्षा जनपद मुख्यालय स्तर पर आयोजित कराने एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित कराते हुए निर्धारित तिथि को मुख्य परीक्षा की भांति सी0सी0टी0वी0 कैमरे की निगरानी में इन छूटी हुयी प्रयोगात्मक परीक्षाओं को सम्पादित कराने की प्रभावी कार्यवाही करायें।

7- समस्त जिला विद्यालय निरीक्षक, उ0प्र0 को इस निर्देश के साथ प्रेषित है कि वे अपने स्तर से अपने जनपद के सम्मानित दैनिक समाचार पत्रों में प्रयोगात्मक परीक्षा की तिथि एवं जनपद मुख्यालय स्तर पर निर्धारित परीक्षा केन्द्र की सूचना सम्बन्धी विज्ञप्ति अनिवार्य रूप से प्रसारित करें तथा निर्धारित तिथि को प्रयोगात्मक परीक्षाओं का आयोजन सी0सी0टी0वी0 कैमरे की निगरानी में सुनिश्चित करायें।

27/3/2025
(भगवती सिंह)
सचिव।